
# EXERCISE # 1

## A. अतिलघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.1** यदि एक त्रिभुज के तीनों कोणों मे अनुपात 1 : 2 : 3 हो, तो वे कोण ज्ञात कीजिए।

**Q.2** चित्र में, $\ell \parallel m$ तथा n एक तिर्यक रेखा है। PO व QO कोण समद्विभाजक हों, तो सिद्ध करो कि $\angle POQ = 90^\circ$.




**Q.3** यदि एक त्रिभुज के तीनों कोणों में अनुपात 2 : 3 : 4 हो, तो तीनों कोण ज्ञात कीजिए।


**Q.4** एक त्रिभुज के दो कोणों का योग 95º हो तथा उनका अन्तर 25º हो तो उस त्रिभुज के तीनों कोण ज्ञात कीजिए।

**Q.5** एक त्रिभुज ABC की भुजा BC को D तक बढ़ाया गया है। कोण $\angle A$ का समद्विभाजक BC से L पर मिलता है, तो सिद्ध करो कि
$\angle ABC + \angle ACD = 2\angle ALC$


**Q.6** त्रिभुज ABC की भुजाओं BC, CA व AB को बढ़ाये जाने पर क्रमशः बहिष्कोण $\angle ACD$, $\angle BAE$ व $\angle CBF$ बनते हैं, तो प्रदर्शित करो कि
$\angle ACD + \angle BAE + \angle CBF = 360^\circ$.

**Q.7** त्रिभुज ABC की भुजाओं BC, CA व BA को क्रमशः D, E, F, तक बढ़ाया जाता है। यदि $\angle ACD = 110^\circ$ एवं $\angle EAF = 130^\circ$ हो, तो त्रिभुज के तीनों कोण ज्ञात कीजिए।

**Q.8** संलग्न चित्र में, $\angle A + \angle B + \angle C + \angle D + \angle E + \angle F$ का मान ज्ञात कीजिए।





**Q.9** चित्र में, DP = BQ, $\angle DPB = \angle BQD$ एवं $\angle ADP = \angle CBQ$ है प्रदर्शित करो कि $\Delta ADP \equiv \Delta CBQ$.




**Q.10** सिद्ध करो कि समकोण त्रिभुज में, सबसे लम्बी भुजा कर्ण होती है।


**Q.11** सिद्ध करो कि एक त्रिभुज की तीनों भुजाओं का योग, इसकी तीनों माध्यिकाओं के योग से अधिक होता है।

**Q.12** चित्र में, भुजाओं BA व CA को इस प्रकार बढ़ाया गया है कि BA = AD एवं CA = AE तो सिद्ध करो कि रेखाखण्ड DE $\parallel$ भुजा BC है।




**Q.13** चित्र में, PA $\perp$ AB, QB $\perp$ AB तथा PA = QB है यदि PQ , AB को O पर प्रतिच्छेदन करता है, तो

प्रदर्शित करो कि O रेखा AB व PQ का मध्य बिन्दु है।





## B. लघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न


**Q.14** एक त्रिभुज ABC बिन्दु A पर समकोण है यदि AL रेखा BC पर लम्ब हो तो सिद्ध करो कि $\angle BAL = \angle BCA$.

**Q.15** चित्र में, PS कोण $\angle P$ का समद्विभाजक है तथा $PT \perp QR$ तो प्रदर्शित करो कि


$$\angle TPS = \frac{1}{2}(\angle Q - \angle R)$$





**Q.16** चित्र में, $AM \perp BC$ एवं AN कोण $\angle A$ का समद्विभाजक है। यदि $\angle B = 60^o$ एवं $\angle C = 50^o$ हो तो $\angle MAN$ का मान ज्ञात करो ।




**Q.17** दिये गये चित्र में, $AM \perp BC$ एवं AN कोण $\angle BAC$ का समद्विभाजक है यदि $\angle B = 70^o$ एवं $\angle C = 35^o$ हो तो $\angle MAN$ का मान ज्ञात करो।




**Q.18** निम्न चित्र में, $x^o$ का मान ज्ञात करो।




**Q.19** सिद्ध करो कि एक त्रिभुज के तीनों शीर्षलम्बों का योग, उस त्रिभुज की तीनों भुजाओं के योग से कम होता है।

**Q.20** सिद्ध करो कि एक समबाहु त्रिभुज की माध्यिकाऐं समान होती है।


**Q.21** एक त्रिभुज ABC के कोण A, B, C एक समान हों तो सिद्ध करो कि त्रिभुज $\Delta ABC$ समबाहु है।

**Q.22** ABCD एक वर्ग है, X व Y क्रमशः भुजाओं AD व BC पर बिन्दु इस प्रकार से है कि AY = BX तो सिद्ध करो कि BY = AX एवं $\angle BAY = \angle ABX$.


## C. दीर्घउत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.23** सिद्ध करो कि किसी त्रिभुज की किन्ही दो भुजाओं का योग, उसकी तीसरी भुजा पर खींची गई माध्यिकाओं के योग से अधिक होता है।

**Q.24** चित्र में, AP न्यूनमत रेखाखण्ड है जो A से रेखा m पर खींचा जा सकता है, यदि PR > PQ हो तो सिद्ध करो कि AR > AQ.




**Q.25** चतुर्भुज PQRS में, (चित्र देखें)





सिद्ध करो कि

(i) PQ + QR + RS + SP > PR + QS


(ii) PQ + QR + RS + SP < 2 (PR + QS)

**Q.26** चित्र में, PQ = PR एवं S रेखा PR पर कोई बिन्दु इस प्रकार से है कि RS < QS.





**Q.27** $\Delta$ ABC में, AC > AB तथा D रेखा AC पर बिन्दु इस प्रकार है कि AB = AD तो सिद्ध करो कि CD < BC.

**Q.28** दिये गये चित्र में, $\Delta$PQR की भुजा QR पर कोई बिन्दु T है तथा S एक बिन्दु इस प्रकार से है कि TR = TS तो सिद्ध करो कि PQ + PR > QS.





**Q.29** चित्र में, यदि $\angle AOC + \angle BOD = 70^\circ$ तो $\angle COD$ ज्ञात कीजिए।





**Q.30** चित्र में, $\angle DFP$, $\angle EDQ$ व $\angle FER$ त्रिभुज $\Delta$ DEF के बाह्यकोण हैं, तो सिद्ध करो कि


$\angle DFP + \angle EDQ + \angle FER = 360^\circ$




**Q.31** चित्र में, AB = AC = AD सिद्ध करो कि $\angle BCD = 90^\circ$




**Q.32** चित्र में, AD = CF, AB = DE तथा $\angle BAC = \angle EDF$ तो सिद्ध करो कि $\Delta ABC \cong \Delta DEF$.




**Q.33** एक त्रिभुज के बाह्यकोण $120^\circ$ हैं एवं एक अन्तः सम्मुख कोण $35^\circ$ है, तो अन्य दो कोण ज्ञात कीजिए।

# ANSWER KEY

**A. अतिलघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न :**

**1.** 30º, 60º, 90º **7.** 50º, 60º, 70º **8.** 360º **9.** 130º

**B. लघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न :**

**16.** 5º **17.** 17.5º **18.** 120º


**C. दीर्घउत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न :**

**29.** 110º **33.** 85º, 60º

# EXERCISE # 2

**Q.1** यदि एक त्रिभुज की भुजाओं में अनुपात 5 : 4 : 3 हो तो संबधित शीर्षलम्बों में अनुपात ज्ञात कीजिए ?

**Q.2** संलग्न चित्र में, कोण ∠BAC, ∠ACD का मान ज्ञात कीजिए ?





**Q.3** उपरोक्त चित्र में, निम्न में से कौनसा सही है -


(A) BC < CA < CD (B) BC < CA > CD

(C) BC = CA > CD (D) BC > CA = CD

**Q.4** चित्र में, यदि AB || CD एवं ∠PQD = 135º हो तो ∠APE ज्ञात कीजिए।




**Q.5** संलग्न चित्र में, यदि ∠B = ∠ACB = 65º एवं ∠D = 30º तब -





(A) BC > CA > CD

(B) AB = CA < CD


(C) BC < CA, CA > CD

(D) BC > CA, CA < CD

**Q.6** चतुर्भुज ABCD में (चित्र देखें) यदि AB = AD एवं BC = CD हो तो वह कोण ज्ञात कीजिए, जो ∠ABC के तुल्य है।




**Q.7** निम्न चित्र में, PQ || TU || SR हो, तो कौनसा कथन सत्य है -





(A) ∠1 + ∠2 = ∠3 + ∠4

(B) ∠1 + ∠2 = ∠5 + ∠6


(C) ∠1 + ∠3 = ∠2 + ∠4

(D) All are ture


**Q.8** चित्रानुसार यदि AB ∥ CD, CD ∥ EF एवं $y : z = 4 : 5$ तो x ज्ञात कीजिए।





**Q.9** चित्र में, दिया गया है कि BC = CE एवं ∠1 = ∠2 तो सिद्ध करो कि Δ GCB ≅ DCE.





**Q.10** चित्रानुसार, एक चतुर्भुज ABCD की सम्मुख भुजाऐं AB व DC के मध्य बिन्दु M व N को मिलाने वाला रेखाखण्ड इन दोनों भुजाओं के लम्बवत् हो तो सिद्ध करो कि चतुर्भुज की अन्य भुजाऐं समान होती है।




**Q.11** चित्र में, AC = AE, AB = AD एवं ∠BAD = ∠EAC तो सिद्ध करो कि BC = DE.





**Q.12** चित्र में, बतलाइये कि नदी को बिना पार किये हम इसकी चौड़ाई कैसे ज्ञात कर सकते हैं?





**Q.13** एक समकोण त्रिभुज में एक न्यूनकोण, दूसरे न्यूनकोण का दुगुना है तो सिद्ध करो कि कर्ण, सबसे छोटी भुजा का दुगुना होता है।

**Q.14** प्रदर्शित करो कि एक त्रिभुज की किन्हीं दो भुजाओं का अन्तर, तीसरी भुजा से कम होता है।

**Q.15** चित्र में, TQ व TR कोण ∠Q व ∠R के क्रमशः समद्विभाजक हैं। यदि ∠QPR = 80º है तथा ∠PRT = 30º हो तो ∠TQR का मान ज्ञात करो।




**Q.16** चित्र में, यदि AB = CF, EF = BD एवं ∠AEF = ∠DBC तो सिद्ध करो कि ΔAFE ≅ ΔCBD



# ANSWER KEY

**1.** 12 : 15 : 20 **2.** 50º, 115° **3.** BC < CA < CD **4.** 45º

**5.** AB = CA < CD **6.** $\angle ADC$ **7.** $\angle 1 + \angle 2 = \angle 3 + \angle 4$ **8.** 100º

**12**. MN **15.** 20°